>

Title : Need to ensure proper implementation of Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Gaya Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री हरी माझी (गया): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गया, बिहार की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत परियोजना का कार्य ठीक प्रकार से नहीं हो रहा है जिसके कारण इसमें जरूरतमंद ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली परियोजना का कार्य नहीं हो रहा है। गया का अधिकतर क्षेत्र ग्रामीण है, जहां पर राजीव गांधी ग्रामीण विद्युत परियोजना की बहुत आवश्यकता है और इसके कारण कई गांवों का विद्युतीकरण हो सकता है। मेरा माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध है कि गया जैसे पिछड़े क्षेत्र के गांवों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना में हो रही अनियमितताओं की ओर ध्यान दें, जिससे राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को मिल सके।